# परिवार वालों के लिए घर पर एक मार्गदर्शिका

नॉर्थ कैरोलिना पब्लिक स्कूल्स (North Carolina Public Schools) में किंडरगार्टन की अंग्रेज़ी भाषा कला

## विषय की रूपरेखा

**साल के आखिर में, मेरा बच्चा ये सीख जाएगा कि...**

- पाठ की समझ दिखाने के लिए सवाल कैसे पूछें और जवाब कैसे दें।
- जवाबों का समर्थन करने के लिए पाठ में मुख्य विवरणों का इस्तेमाल कैसे करें।
- साथियों के साथ चर्चा में कैसे भाग लें।
- पाठ से मुख्य विवरण का इस्तेमाल करके कहानी के मुख्य संदेश या पाठ की पहचान कैसे करें।
- पाठ से विशिष्ट विवरण का इस्तेमाल करके सवालों का जवाब कैसे दें।
- किसी कहानी के पात्रों का वर्णन कैसे करें।
- साथियों के साथ चर्चाओं (एक-एक करके, ग्रुप्स में और टीचर के नेतृत्व में) में कैसे भाग लें।
- सूचनात्मक पाठ के मुख्य विचार की पहचान कैसे करें।
- सूचनात्मक पाठ से मुख्य विचारों को कैसे दोहराएँ
- शब्द भेदों को कैसे क्रमबद्ध करें
- सूचनात्मक पाठ से मुख्य विचारों को कैसे दोहराएँ
- किसी पाठ में मुख्य विचार कैसे स्थापित करें।

**क्या आप जानना चाहते हैं कि North Carolina में किंडरगार्टन के गणित के लिए विशिष्ट मानक क्या हैं?**

और ज़्यादा जानकारी के लिए **North Carolina मानक अध्ययन पाठ्यक्रम** देखें। इस पाठ्यक्रम के अंत में छात्रों को क्या करने में सक्षम होना चाहिए, क्या आप इसके बारे में अतिरिक्त जानकारी ढूँढ रहे हैं? इस **NC DPI के अनपैक्ड कंटेंट्स डॉक्यूमेंट्स** को देखें जो पाठ्यक्रम मानकों के अनुरूप हैं।

## प्रमुख शब्दावली

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **दोहराना** | कोई कहानी दोबारा कहना |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **पात्र** | कहानी के लोग |
|  | **सेटिंग** | वो विशिष्ट जगह जहाँ कहानी घटित हुई |
|  | **मुख्य विचार** | विषय के बारे में लेखक का संदेश |
|  | **चित्र** | कहानी में जो चित्र हैं |
|  | **व्याख्याता** | वो व्यक्ति जो किसी कहानी के लिए चित्र बनाता है |
|  | **लेखक** | वो व्यक्ति जो किसी कहानी के लिए शब्द लिखता है |
|  | **तुलना करना** | बताना कि चीज़ें किस तरह समान हैं |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **अंतर** | बताना कि चीज़ें किस तरह भिन्न हैं |
|  | **कल्पना** | यकीन दिलाना |
|  | **गैर-काल्पनिक** | सूचनात्मक या सही |

# क्रिया द्वारा सीखना: कक्षा स्तरीय कौशल

## कक्षा स्तरीय कौशल के उदाहरण

**कहानी की सेटिंग के बारे में बताने के लिए ग्रेड स्तरीय उदाहरण।**

किताब "क्लिक, क्लैक, मू काउज़ दैट टाइप" बाहर खेत में और खलिहान के अंदर घटित होती है। मुझे ये पता चला क्योंकि सभी जानवर खेत के जानवर हैं और तस्वीरों में घास, भूसा, खलिहान और तालाब दिखाई देते हैं।

**कहानी के पात्र कौन हैं इसका ग्रेड स्तरीय उदाहरण।**

किताब, "क्लिक, क्लैक, मू काउज़ दैट टाइप" में मुख्य पात्र गायें, बत्तख और किसान जॉन हैं। मुझे ये पता है कि वे मुख्य पात्र हैं क्योंकि वे हर पेज पर हैं और ज़्यादातर बातचीत वही करते हैं।

**कहानी में दो पात्रों की तुलना और अंतर का** कक्षा **स्तरीय उदाहरण।**

किताब, "क्लिक, क्लैक, मू काउज़ दैट टाइप" में, गायें और बत्तख सभी खलिहान के अंदर रहते हैं, और सभी जानवर किसान जॉन के हैं। वे भिन्न हैं क्योंकि गायों को कंबल चाहिए और बत्तखों को डाइविंग बोर्ड चाहिए।

# संसाधन

आपके बच्चे की शिक्षा में मदद करने के लिए लिंक और ऑनलाइन संसाधन।

- Brainpop Jr – ELA संसाधन
- ABCya! – ELA संसाधन
- Turtle Diary – ELA संसाधन
- IXL – ELA संसाधन
- PBSkids – ELA संसाधन

# घर-के लिए कनेक्शन्स

- मुझे बताओ कहानी के पात्र कौन हैं?
- मुझे कहानी की सेटिंग के बारे में बताओ।
- मुझे कहानी दोबारा सुनाओ।
- अगर कोई आज के बारे में कहानी लिख रहा होता। तो पात्र कौन होते? सेटिंग क्या होती? कहानी दोबारा कैसे सुनाई जाती?

# प्रत्याशित चुनौतियाँ

इस उम्र में छात्र बार-बार अभ्यास और दोहराव से घटनाओं को सीक्वेंस में करना सीखेंगे। पहला, अगला, फ़िर, आखिरी जैसी भाषा का बार-बार इस्तेमाल करने से उन्हें घटनाओं के क्रम को समझने में मदद मिलेगी। उन्हें रिमाइंडर्स की ज़रुरत होती है कि अंदर या बाहर की तुलना में सेटिंग को एक विशिष्ट स्थान पर ज़्यादा विस्तृत होना चाहिए। जैसे-जैसे कहानियाँ आगे बढ़ती जाती हैं, वे कहानी के बीच में रुककर जो कुछ हो रहा है उसका रीकैप कर सकते हैं और फ़िर आखिर में दोबारा रुक सकते हैं ताकि उन्हें अपने पुनर्कथन में शामिल सभी विवरण मिल जाएँ।

# अपने बच्चे के टीचर के साथ बातचीत करना

क्या अभी भी अड़चन महसूस कर रहे हैं? अपने बच्चे की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए आप क्या कर सकते हैं, इस पर चर्चा करने के लिए अपने बच्चे के टीचर से संपर्क करें। कुछ प्रश्न जो आपकी चर्चा का मार्गदर्शन कर सकते हैं:

- आप मुझे अपने बच्चे की मदद करने के लिए किन संसाधनों का इस्तेमाल करने का सुझाव देंगे?
- आप मेरे बच्चे को कहाँ संघर्ष करते हुए देखते हैं? हम साथ मिलकर मदद के लिए क्या कर सकते हैं?
- मेरे बच्चे को घर पर क्या अभ्यास करना चाहिए?
- मेरे बच्चे को सीखने में मदद करने के लिए हम मिलकर क्या सामूहिक संदेश भेज सकते हैं?

**क्या तकनीकी मदद की ज़रुरत है?**

तकनीकी मदद के लिए अपने छात्र के होम स्कूल से संपर्क करें। डिवाइस का प्रकार (PC, Mac, Chromebook, आदि) और ब्राउज़र (Chrome, Firefox, Safari, आदि) शामिल करें।

## उद्धरण

सारे इमेज Google ड्रॉइंग द्वारा शब्दावली अनुभाग के लिए बनाए गए